09H

Question Booklet Sl. No. 2110425

Total No. of Printed Pages : 7

# HINDI
(Second Language)

Time : 3 Hours 15 Minutes | Max. Marks : 100

**सूचनाएँ :**

1) प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय निर्धारित है ।

2) **सभी** प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।

3) प्रश्नपत्र में **छः** भाग हैं ।

## भाग – I

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । **(12×1=12)**

1) आधी रात प्रभुजी दर्शन दो । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| रात्रि | रातें | रात्र |
|---|---|---|

2) कवि ने भावपूर्ण गीत गाए । (इस वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| भावपूर्ण | गाए | गीत |
|---|---|---|

3) उन्नीस सौ चौंसठ (हिन्दी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| 1966 | 1960 | 1964 |
|---|---|---|

4) मोती ______ लड़ियों से सुंदर झरने झरते । (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| की | का | के |
|---|---|---|

5) सैलानी सुबह-शाम कंपनी बाग में आते हैं । (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| तत्पुरुष | द्वंद्व | बहुव्रिही |
|---|---|---|



Scanned with ACE Scanner

) कैफ़ी आजमी युवावस्था में मुशायरों में वाह-वाही पाते थे । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| युवा + अवस्था | युवान + स्था | युवन् + अवस्था |

7) पानी के देवता भी उसके दास थे । (रेखांकित शब्द का पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| नीर | पाना | पान |

8) युवती बेसुध हो समुद्र को निहारते गा रही थी । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| ब | बे | बेसु |

9) ऐसे लग रहा था मानो स्वतंत्रता मिल गयी हो । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| तंत्रता | त्रता | ता |

) वे मराठी के लेखक थे । इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| वे मराठी की लेखिका थीं । | वे मराठी की लेखिका थे । | वे मराठी के लेखको थे । |

अंग्रेज व्यापारी के भेष में आयेंगे । इस वाक्य को भूतकाल के रूप में विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| अंग्रेज व्यापारी के भेष में आयेगा । | अंग्रेज व्यापारी के भेष में आए थे । | अंग्रेज व्यापारी के भेष में हैं । |

विद्यालय जाती हो । वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| गौरी विद्यालय थी । | गौरी विद्यालय होगी । | गौरी विद्यालय जाती है । |

2110425



Scanned with ACE Scanner

भाग – II

**II.** प्रश्न संख्या **13** से **16** तक दिए गए गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।

13) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5×

दोनों रोज़ उसी जगह पहुँचते और मूर्तिवत एक-दूसरे को निर्निमेष ताकते रहते । बस भीतर समर्पण था तो अनवरत गहरा रहा था । लपाती के कुछ युवकों ने इस मूक प्रेम को भाँप लिया और खबर हवा की तरह बह उठी । वामीरो लपाती ग्राम की थी और ततारा पासा का ।

**प्रश्न :**

अ) ततारा-वामीरो एक दूसरे को कैसे ताकते रहते ?

आ) इस मूक प्रेम को किसने भाँप लिया ?

इ) वामीरो किस ग्राम (गाँव) की थी ?

ई) ततारा किस ग्राम का था ?

उ) उपर्युक्त अनुच्छेद किस पाठ से दिया गया है ?

14) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5

सुबह-शाम कंपनी बाग में आते हैं बहुत से सैलानी

उन्हें बताती है यह तोप

कि मैं बड़ी जबर

उड़ा दिए थे मैंने

अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे

अपने ज़माने में

**प्रश्न :**

अ) कंपनी बाग में सैलानी कब आते हैं ?

आ) सैलानियों से कौन बातें कर रहा है ?

इ) तोप अपने आपको क्या मानती है ?

ई) सूरमाओं के धज्जे किसने उडाये ?

उ) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन हैं ?



Scanned with ACE Scanner

15) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । (5×1=5)

अच्छे बच्चे सवेरे पाँच बजे उठते हैं । बड़ों का आदर करते हैं । हर दिन पाठशाला जाते हैं । माता-पिता का कहना मानते हैं । गुरुओं का सम्मान करते हैं ।

प्रश्न :

अ) अच्छे बच्चे सवेरे कब उठते हैं ? ( )

A) पाँच बजे B) चार बजे C) छः बजे D) सात बजे

आ) बच्चे किसका आदर करते हैं ? ( )

A) छोटों का B) बड़ों का C) औरों का D) शत्रु का

इ) हर दिन बच्चे कहाँ जाते हैं ? ( )

A) नदी B) वन C) पाठशाला D) मंदिर

ई) माता-पिता का कहना कौन मानते हैं ? ( )

A) गंदे बच्चे B) मंदबुद्धि बच्चे C) गली के बच्चे D) अच्छे बच्चे

उ) अच्छे बच्चे किसका सम्मान करते हैं ? ( )

A) गुरुओं का B) शत्रु का C) मित्रों का D) छोटों का

16) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । (5×1=5)

चमक उठी सन् सत्तावन में
वह तलवार पुरानी थी ।
बुंदेले हरबोलों के मुँह
हमने सुनी कहानी थी ।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो
झाँसी वाली रानी थी ।

प्रश्न :

अ) तलवार कब चमक उठी थी ? ( )

A) सत्तावन में B) अट्ठावन में C) इक्कावन में D) बावन में

आ) तलवार कैसी थी ? ( )

A) नई B) पुरानी C) सोने की D) चाँदी की



Scanned with ACE Scanner

इ) बुंदेले हरबोलों से हमने क्या सुना था ? ( )

A) नाटक B) कविता

C) कहानी D) भाषण

ई) हमने कहानी किसके मुँह से सुनी थी ? ( )

A) दादी के B) माँ के

C) पिता के D) हरबोलों के

उ) ''खूब लड़ी मर्दानी'' यह किसके लिए कहा गया ? ( )

A) झाँसी की रानी B) सतारा की रानी

C) बीजापुर की रानी D) दिल्ली की रानी

## भाग – III

17) निम्नलिखित कवियों में किसी **एक** का परिचय **पाँच** पंक्तियों में लिखिए । (1×5=5)

अ) कबीरदास

आ) मैथिलीशरण गुप्त

18) निम्नलिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । (5×1=5)

1892 में राजस्थान के नवलगढ़ में जन्में सीताराम सेकसरिया का अधिकांश जीवन कलकत्ता में बीता । महात्मा गाँधी के आह्वान पर स्वतंत्रता आंदोलन में बढचढकर हिस्सेदारी की । गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गाँधी और नेताजी सुभाष चंद्रबोस के करीब रहे । कुछ साल आजाद हिंद फौज के मंत्री रहे । सीताराम सेकसरिया को विद्यालयी शिक्षा पाने का अवसर नहीं मिला । भारत सरकार ने उन्हें 1962 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया ।

अ) 1892 में सेकसरिया का जन्म ______ शहर में हुआ ।

आ) सेकसरिया का अधिकांश जीवन ______ शहर में बीता ।

इ) ______ के आह्वान पर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया ।

ई) सेकसरिया जी ______, महात्मा गाँधी और नेताजी सुभाष चंद्रबोस के करीब रहे ।

उ) भारत सरकार ने उन्हें 1962 में ______ से सम्मानित किया ।



Scanned with ACE Scanner

## भाग – IV

(6×4=24)

IV. निम्नलिखित प्रश्नों में किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर **चार** वाक्यों में लिखिए ।

19) कस्तूरी कुंडलि बसै . . . . . दुनियाँ देखै नाँहिं ।। (दोहे की पूर्ति कीजिए ।)

20) कवि के अनुसार उदार व्यक्ति कौन है ?

21) कर चले हम फ़िदा गीत में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है ?

22) पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था ?

23) वामीरो ने तताँरा को बेरुखी से क्या जवाब दिया ?

24) वजीर अली के अफसाने सुनकर कर्नल को राँबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी ?

25) हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे ?

26) पीटी साहब की 'शाबाश' फौज के तमगों-सी क्यों लगती थी ? स्पष्ट कीजिए ।

## भाग – V

V. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

(1×8=8

27) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **आठ** पंक्तियों में लिखिए ।

अ) 'पद' कविता के आधार पर मीराबाई की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए ।

आ) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के माध्यम से कवि ने प्रकृति का वर्णन किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए ।

28) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **आठ** पंक्तियों में लिखिए । (1×8=

अ) ''बडे भाई साहब'' पाठ के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ? स्पष्ट कीजिए ।

आ) जीवन में कौन-से मूल्य शाश्वत है ? गिन्नी का सोना पाठ के द्वारा समझाइए ।



Scanned with ACE Scanner

## भाग – VI

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । (1×8=8)

29) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।

अ) बहन की शादी में सम्मिलित होने के लिए कक्षाध्यापक से तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए पत्र लिखिए ।

आ) अपने द्वारा की गयी किसी ऐतिहासिक स्थान की यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

30) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर 10 पंक्तियों में निबंध लिखिए । (1×10=10)

अ) अपना मन पसंद त्यौहार

आ) पर्यावरण और प्रदूषण

इ) विज्ञान से लाभ और हानि

ई) राष्ट्र भाषा हिंदी ।



Scanned with ACE Scanner